





नवभारत
भोपाल, सोमवार, 02 मार्च, 2026


## एक नजर में



### सत्यसांई विश्वविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**सीहोर.** श्री सत्यसांई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया. जिसका शुभारंभ कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी, सुश्री शोभा पी चांडक द्वारा किया गया. विषय विज्ञान की थीम है महिलाएं विकसित भारत को गति प्रदान करती हुई. इस अवसर पर 41 वें मप्र युवा वैज्ञानिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने ऑनलाइन देखा. कार्यक्रम के अंतर्गत भारत की शीर्ष महिला वैज्ञानिकों विषय पर वैज्ञानिक रंगोली एवं पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता, वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी तथा लघु वीडियो निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा. वक्ताओं ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा 28 फरवरी 1928 को रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में मनाया जाता है. कार्यक्रम का समापन 10 मार्च को किया जाएगा. इस अवसर पर इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. संजय राठौर, डॉ. गीता खूबचंदानी, डॉ. मोहित गंगवार, सुश्री रूचि चौहान आदि उपस्थित थे.




### जनगणना को लेकर मकान सर्वे कार्य प्रारंभ

**बुधनी.** नगर परिषद क्षेत्र में आगामी जनगणना को लेकर वार्ड 1 से 15 तक मकान नंबर अंकन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है. कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक आवासीय एवं व्यावसायिक भवन का भौतिक सत्यापन करते हुए मकान नंबर अंकित किए जा रहे हैं. जिससे आगामी जनगणना कार्य सुचारु, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न हो सके. फील्ड स्तर पर चार्ज अधिकारी नगरीय संतोष रघुवंशी, वार्ड प्रभारी राजपाल सिंह सेंगर, राहुल खत्री, गौरव यादव, जनगणना लिपिक नीरज परसोन एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिंकी गोहे कार्य की निगरानी कर रहे हैं. नप द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि वे घर-घर पहुंचने वाले कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए सहयोग प्रदान करें.



### त्यौहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**सीहोर.** रविवार को थाना कोतवाली में आगामी त्योहारों होली, रंगपंचमी, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, झूलेलाल जयंती एवं ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, एसडीएम तन्मय वर्मा, नपा सीएमओ, तहसीलदार भरत नायक, थाना प्रभारी रविंद्र यादव, नायब तहसीलदार आकाश महंत, एई विद्युत विभाग, सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष, हिंदू और मुस्लिम समाज के नागरिकग एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे. बैठक के दौरान आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से मनाए जाने को लेकर चर्चा की गई. सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की गई तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं सभी विभागों को अपनी तैयारियां दुरस्त करने के निर्देश दिए गए.




### विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका

**सीहोर.** पीएमश्री महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया. जिसमें विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की निर्णायक एवं सशक्त भूमिका को रेखांकित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा द्वारा किया गया. तत्पश्चात डॉ. मॉली थॉमस ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता एवं समान अवसरों की आवश्यकता पर बल दिया. डॉ. सुषमा दुराफे ने महिलाओं के विज्ञान में योगदान विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला. वहीं डॉ. खुशहाली एम. पांडे ने जैव अभियांत्रिकी के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला. जबकि डॉ. सागर सेन ने गैर-पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों के महत्व को स्पष्ट किया.




### किसान संगोष्ठी के साथ हुई सांस्कृतिक गतिविधियां

**सीहोर.** चौपाल सागर पर तीन दिवसीय चौपाल महोत्सव के दूसरे दिन किसान गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि डीएसपी शर्मा, शतांशु कुमार, अनुराग वोहरा, डॉ. नागेंद्र मिश्रा, राजीव बिसेन, राजमोहन पंथी, इमरान खान उपस्थित थे. डीएसपी शर्मा ने महिलाओं को आत्मरक्षा की जानकारी दी. डॉ नागेंद्र मिश्रा ने किसानों को अश्वगंधा सहित अन्य ऑर्गेनिक खेती की जानकारी दी.

# वर्ना अगले माह दो गुना हो जाएगा संपत्ति कर

## वित्तीय वर्ष 25-26 का संपत्ति कर 31 मार्च तक जमा करना अनिवार्य, अन्यथा भुगतना पड़ेगा दो गुना

- नगरपालिका को उपभोक्ताओं से लेना है 18 करोड़ का कर
- हाल ही में बकायादारों के घरों पर नपा ने बजवाए थे ढोल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 मार्च. नगर पालिका इन दिनों अपनी माली हालत को मजबूत करने के उद्देश्य से विशेष कर वसूली अभियान चला रही है. दिसंबर माह में बेहतर वसूली प्रदर्शन के कारण नपा को 55 लाख रुपये का प्रोत्साहन ( रिवार्ड ) भी प्राप्त हुआ है, जिससे विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है. इसके बावजूद शहरवासियों पर अब भी लगभग 18 करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि बकाया है. बड़ी देनदारी को देखते हुए नपा ने सख्ती और जागरुकता दोनों रणनीतियों के साथ अभियान तेज कर दिया है.**

करीब दस दिन पहले नगर पालिका ने ढोल बजाकर बकायादारों के घर-घर पहुंचकर कर वसूली की शुरुआत की थी, जिससे शहर में इस अभियान की व्यापक चर्चा रही. वर्तमान में नपा अमला वार्डवार टीम बनाकर घर-घर जाकर संपत्ति कर जमा कराने की कार्रवाई कर रहा है. कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को यह स्पष्ट रूप से बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 25-26 का संपत्ति कर 31 मार्च 26 तक जमा करना अनिवार्य है. निर्धारित समयसीमा तक कर जमा नहीं किया गया तो 1 अप्रैल से संबंधित संपत्ति पर देय कर दोगुना हो जाएगा. इसी आशंका के चलते प्रतिदिन बड़ी संख्या में करदाता नपा कार्यालय पहुंचकर कर जमा कर रहे हैं.

शहर में कुल 23 हजार 900 संपत्तिकरदाता पंजीकृत हैं. इनसे चालू वर्ष में लगभग 12 करोड़ 50 लाख रुपये की वसूली की जानी है। इसके अतिरिक्त जलकर की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई हैं. नगर में कुल 19 हजार 73 नल कनेक्शनधारी हैं, जिन पर लगभग 5 करोड़ 20 लाख रुपये जलकर बकाया है। इनमें से 10 हजार कनेक्शन पार्वती योजना के अंतर्गत तथा 9 हजार 73 कनेक्शन अमृत 1.0 योजना के तहत प्रदान किए गए थे. जलकर की वसूली के लिए नपा अमला उपभोक्ताओं को समझाइश दे रहा है.

इतना ही नहीं, नगर पालिका की 456 दुकानों का करीब 45 लाख रुपये किराया भी लंबित है. इन सभी मदों को मिलाकर नगर पालिका की आर्थिक स्थिति पर दबाव बना हुआ है. अधिकारियों का कहना है कि समय पर कर वसूली होने से शहर में विकास कार्यों को गति मिलेगी, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं में व्यापक स्तर पर सुधार संभव है.



**सीहोर.** कर वसूली के लिए नपा का राजस्व अमला अवकाश के दिन भी कार्यालय में मौजूद रहकर उपभोक्ताओं से कर वसूल रहा है.

### समय पर अपना कर जमा करें

नगरपालिका द्वारा शहर के नागरिकों से अपील की जाती है कि वे 31 मार्च से पूर्व अपने संपत्ति कर, जलकर एवं अन्य देनदारियों का भुगतान कर दोगुना कर और अतिरिक्त आर्थिक बोझ से बचें तथा शहर के विकास में सहभागी बनें. अन्यथा 31 मार्च के बाद कर में दो गुना बढ़ोत्तरी हो जाएगी.

**सुधीर कुमार,**
सीएमओ, नपा सीहोर

### वर्तमान में मिल रही 50 प्रतिशत रियायत

नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार अधिनियम में यह प्रावधान है कि जिस भवन में स्वामी स्वयं निवासरत है, उस पर आवासीय कर आधी दर से लिया जाता है. वर्तमान में करदाताओं को 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिल रहा है. लेकिन यदि 31 मार्च तक भुगतान नहीं किया गया तो यह छूट स्वत: समाप्त हो जाएगी और पूर्ण दर से कर के साथ बढ़ी हुई राशि जमा करनी पड़ेगी. वर्ष 2021 से यह नियम लागू है, फिर भी कई नागरिकों को इसकी पूरी जानकारी नहीं है. परिणामस्वरूप पूर्व से बकाया रखने वाले करदाताओं पर पिछले तीन वर्षों से दोगुना कर लागू हो रहा है, जिससे उनकी देनदारी लगातार बढ़ती जा रही है. इसी स्थिति को देखते हुए नपा अब व्यवस्थित रूप से जागरूकता अभियान चला रही है और फोन कॉल के माध्यम से भी करदाताओं को सूचना दी जा रही है.

### इनरव्हील क्लब ने रखा सेवा कार्यों का विवरण



**सीहोर.** इनर व्हील क्लब का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, समाज में जागरुकता लाना भी है. मातृशक्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए कार्य करना है. उक्त विचार इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह ने कहे. रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय एवं सचिव कपिल अग्रवाल उपस्थित थे. वहीं दो नए मेंबर बबीता सोनकर व डॉ. श्रेष्ठा सक्सेना बनाए गए. क्लब अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें क्लब की सेवा यात्रा की जानकारी दी. सचिव सीमा व्यास ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यों का विवरण रखा. मधुर विजयवर्गीय ने कहा कि महिलाएं अब हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं. एक समय साइकिल चलाना भी महिलाओं के लिए बड़ी बात थी, आज वे अंतरिक्ष तक देश का नाम रोशन कर रही हैं. इस मौके पर इनर व्हील क्लब द्वारा जरुरतमंद कन्या को साइकिल प्रदान की गई.

## फाग उत्सव में शामिल हुए पूर्व नपाध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 मार्च.** सूर्यवंशी समाज द्वारा इस बार भी फाग उत्सव का आयोजन किया गया. फाग में पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय शामिल हुए उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी.

इस अवसर पर समाजजनों ने पारंपरिक फाग गायन और रंगोत्सव के माध्यम से होली का उल्लास मनाया. पूरे क्षेत्र में रंग, गुलाल और लोकगीतों का उत्सवी माहौल नजर आया. श्री राय ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में भी सूर्यवंशी समाज अपनी पुरानी और समृद्ध परंपराओं को जीवित रखे हुए है, जो सराहनीय है. हमारी सांस्कृतिक पहचान हमारे त्योहारों और लोक परंपराओं से ही बनी रहती है.



सूर्यवंशी अहिरवार समाज द्वारा होली उत्सव पांच दिनों तक मनाया जाता है. फाग गायन की मंडलियां रंग पंचमी तक लोकगीत प्रस्तुत करती हैं. लोकगीतों में रामायण, महाभारत, देवी-देवताओं और पारंपरिक होली गीतों का समावेश रहता है. समाज के बुजुर्गों ने बताया कि होली पर सबसे पहले शोक संतृप्त परिवारों के घर जाकर रंग डालने की परंपरा निभाई जाती है, ताकि वे भी उत्सव में शामिल हो सकें. इसके बाद सभी एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाई देते हैं.

## गाय पर कुल्हाड़ी से हमला, आरोपी पर प्रकरण दर्ज

- खेत में गाय के घुसने से नाराज आरोपी ने किया था हमला
- पुलिस ने सरगर्मी से प्रारंभ की आरोपी की तलाश

**भैरूंदा 1 मार्च.** नर्मदा कॉलोनी क्षेत्र में रविवार सुबह एक गाय पर कुल्हाड़ी से हमला किए जाने की घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया. खेत में चारा चरने घुसी गाय पर रखवाली कर रहे हाली ने ताबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. वार इतना गंभीर था कि गाय की पूंछ का हिस्सा कट गया और शरीर पर गहरे घाव बन गए. अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी हालत चिंताजनक हो गई.

वार्ड 15 निवासी शिव गिरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 6.30 बजे वे नर्मदा मंदिर से लौट रहे थे, तभी सोठिया वाले सेठ के खेत, जिसे संजय मालवीय ने बटाई पर लिया है, वहां रामदेव नामक हाली गाय पर कुल्हाड़ी से वार करता दिखा. यह देखकर मौके पर गोलू वर्मा और मस्तान सिंह राजपूत भी पहुंचे. लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गया. घायल गाय को तुरंत राला स्थित गौशाला ले जाया गया. जहां पशु चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई.

घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और प्रदर्शन किया. उन्होंने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की.



मामले में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि गाय पर हमला करने के आरोपी रामदेव आ. चम्पालाल गौंड निवासी माथनी पिपलदा कन्नोद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 323, 325 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. उन्होंने बताया कि आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है. शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## अभियान के पहले दिन 25 किशोरियों को लगी वैक्सीन

- राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ
- महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की मुहिम

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 मार्च.** प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर में आयोजित कार्यक्रम से राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया. जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में भी अभियान की शुरुआत की गई. प्रथम दिन 25 किशोरियों को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई.




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे घातक कैंसर है. इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया है, जो आगामी तीन माह तक संचालित रहेगा.

अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाएं टीकाकरण के लिए पात्र होंगी. अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाली बालिकाएँ भी पात्र मानी जाएंगी. यह टीकाकरण पूर्णत: स्वैच्छिक है तथा अभिभावक की सहमति अनिवार्य रहेगी. प्रोटोकॉल के अनुसार 0.5 मिली की एकल खुराक इंट्रामस्कुलर इंजेक्शन के माध्यम से दी जाएगी. एचपीवी टीकाकरण केवल शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल एवं शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध रहेगा.

## जनगणना के तहत मकानों का सूचीकरण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 मार्च.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है. हालांकि प्रथम चरण 1 मई से प्रारंभ होगा, जो 30 मई तक चलेगा. पर प्रथम चरण का कार्य अभी से ही प्रारंभ कर दिया है, ताकि कार्य को समय से पहले ही पूर्ण किया जा सके.

प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा. इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी. आंकड़ों का संकलन मोबाईल एप के माध्यम से किया जाएगा. साथ ही नागरिकों को स्वयं अपना डेटा भरने की सुविधा देने के लिए स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है. जनगणना 2027 में खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी. जन गणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं. जनगणना के दौरान गणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे. नागरिक 16 से 30 अप्रैल तक जानकारी स्व-गणना पोर्टल पर भर सकेंगे. सभी जानकारियां गोपनीय रहेंगी और न्यायालय, जांच या अन्य प्रयोजन के लिए साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकेंगी.

## 60 हजार से अधिक को मिला भावांतर का लाभ

**सीहोर.** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से संचालित भावांतर भुगतान योजना का व्यापक लाभ मिला है. जिले के कुल 60 हजार 111 किसानों ने योजना के अंतर्गत पंजीयन कराकर लाभ प्राप्त किया है. किसानों को बाजार मूल्य और निर्धारित समर्थन मूल्य के अंतर की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई है. कलेक्टर बालागुरू के द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि पात्र किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए. जिले के अनेक किसानों ने योजना को लाभकारी बताते हुए कहा कि भावांतर राशि मिलने से उनकी उपज का सही दाम मिला तथा आगामी सीजन की तैयारी में भी सहयोग मिला है.

**समस्या** ▶ सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के कक्ष के बाहर इंतजार करते हैं मरीज

## चिकित्सकों की लेटलतीफी बनी मरीजों के लिए परेशानी

नवभारत न्यूज

**बुधनी 1 मार्च.** क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नगर को अत्याधुनिक सिविल अस्पताल की सौगात दी गई थी. इस अस्पताल का उद्देश्य था कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए भटकना न पड़े, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है.

यहां मरीजों को डाक्टरों का इंतजार करते देखा जा सकता है. गत शुक्रवार को ही यह आलम था कि ओपीडी पर्ची कटवाकर कतार में लगे मरीजों को शाम 5.30 बजे तक चिकित्सकों का इंतजार करना पड़ा, लेकिन ओपीडी के डॉक्टर अस्पताल नहीं पहुंचे. ओपीडी परिसर में बुजुर्ग, महिलाएं और दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से आए मरीज घंटों डॉक्टरों की राह देखते रहे. दर्द और कमजोरी से जूझ रहे कई मरीज थककर जमीन पर बैठने को मजबूर हो गए, कुछ मरीज बिना इलाज कराए ही मायूस होकर लौट गए. स्थिति बिगड़ती देख अंततः सीबीएमओ डॉक्टर डी. बड़ोदिया को स्वयं ओपीडी संभालनी पड़ी और वे मरीजों का उपचार करते नजर आए.

लोगों का आरोप है कि अस्पताल की बदहाल स्थिति के लिए केवल डॉक्टरों की अनुपस्थिति ही नहीं, बल्कि सीएमएचओ और प्रशासनिक अधिकारियों की निरंतर अनदेखी भी जिम्मेदार है. यदि समय-समय पर निरीक्षण, उपस्थिति रजिस्टर की सख्त समीक्षा और जवाबदेही तय की जाती, तो हालात इतने गंभीर नहीं होते.

इस मामले में सीबीएमओ डॉक्टर डी. बड़ोदिया ने बताया कि पूर्व में सिविल अस्पताल में आठ डॉक्टर अनुबंधित किए गए थे, जिनमें से सात डॉक्टर सेवाएं छोड़कर चले गए. वर्तमान में केवल चार डॉक्टरों के भरोसे अस्पताल संचालित हो रहा है. इस संबंध में सीएमएचओ कार्यालय को पत्र लिखकर जानकारी दी गई है तथा डॉक्टरों की पदस्थापना के लिए मांग भी भेजी गई है.

### जनप्रतिनिधि ही त्रस्त तो आमजन की क्या बिसात

हाल ही में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सोनू राजपूत की तबीयत बिगड़ने पर वे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचे. इस दौरान अस्पताल में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं था, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई. स्टाफ द्वारा सूचना देने पर सीबीएमओ डॉक्टर डी. बड़ोदिया पहुंचे और सोनू राजपूत का परीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की गैरमौजूदगी को लेकर सवाल खड़े किए. सोनू राजपूत ने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद अस्पताल में डॉक्टरों का नदारद रहना गंभीर लापरवाही है. सिविल अस्पताल एक रेफर सेंटर बनकर रह गया है और भगवान भरोसे चल रहा है.

